कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

(Email id- rtamuztirhut.bih@bihar.gov.in)

आदेश

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की बैठक दिनांक 24.11.2023 के बदले दिनांक 29.11.2023 को अपराह्न 03:00 बजे से आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में हाईब्रिड मोड से आयोजित की जाएगी।

सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे संबंधित जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय से वी०सी० के माध्यम से बैठक में भाग लेंगे।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के आदेश से।

Barun Kumar Mishra
Digitally signed by Barun Kumar Mishra
Date: 2023.11.17 16:36:46 +05'30'

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक:–RTA/ 1470 /परि0, मुजफ्फरपुर, दिनांक 17/11/2023

प्रतिलिपि:– राज्य परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपि:– वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उक्त अवसर पर एक सेक्शन पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति आयुक्त कार्यालय में करने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपि:– अपर समाहर्त्ता, राजस्व, मुजफ्फरपुर (सदस्य–क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर) को सूचनार्थ एवं निर्धारित तिथि को ससमय बैठक में भाग लेने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– अनुमंडल दण्डाधिकारी, पूर्वी मुजफ्फरपुर को उक्त अवसर पर एक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति आयुक्त कार्यालय में करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– उप निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि इसे सभी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाए।

प्रतिलिपि:– प्रमंडलीय प्रबंधक, बी०एस०आर०टी०सी०, मुजफ्फरपुर एवं प्रमंडल के ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– जिला परिवहन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी/वैशाली/शिवहर/पूर्वी चम्पारण/ पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– सभी वाहन स्वामियों को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– नाजीर, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर को आवश्यक व्यवस्था करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– आई0 टी0 सहायक, आयुक्त कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को वेबसाइट पर अपलोड करने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Barun Kumar Mishra
Digitally signed by Barun Kumar Mishra
Date: 2023.11.17

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।